



# भारतीय लड़कियों ने रचा इतिहास

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चीन को 1-0 से हरा ट्राफी पर किया कब्जा

**राजगीर,20 नवंबर.** बिहार के राजगीर में हुई एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय महिला टीम ने तिरंगा लहरा दिया है और चीन को पटकते हुए तीसरी बार खिताब जीत लिया. फाइनल में भारत ने चीन को 1-0 से हराया.

**फाइनल मैच का एक मात्र गोल भारत के लिए दीपिका ने किया**

**भारत ने खिताब जीतने में साउथ कोरिया की बराबरी की**

भारतीय प्लेयर्स ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन की प्लेयर्स मैच में एक भी गोल नहीं कर पाई. भारत के लिए मैच का एकमात्र गोल दीपिका ने किया और उनके गोल की मदद से ही भारत खिताब जीतने में सफल रहा है.

**सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीमें**

| | |
|---|---|
| भारत | 3 बार |
| साउथ कोरिया | 3 बार |
| जापान | 2 बार |

सलीमा टेटे की अगुवाई में भारत महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा. सेमीफाइनल में भारत ने जापान को मात दी थी. भारत ने तीसरी बार (2016, 2023, 2024) एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है. इसी के साथ भारत ने साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है. साउथ कोरिया ने भी एसीटी चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था.

पहला हॉफ गोलरहित रहने के बाद दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया. दूसरे हॉफ के पहले ही मिनट में भारत को लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया. इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला. भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढ़त दोगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनाल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया.

# नडाल ने टेनिस को कहा 'अलविदा'


## अपने आखिरी मैच में हार के साथ टेनिस को कहा अलविदा

**मैलागा (स्पेन) 20 नवंबर (वार्ता)** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को अपने अखिरी मैच में डेविस कप फाइनल्स में नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा. इसी के साथ उन्होंने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया. मंगलवार को खेले गये मुकाबले में 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने 6-4, 6-4 से हराया. बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प की स्पेन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मिली इस जीत से नीदरलैंड को 1-0 से आगे हो गया.

**नीदरलैंड के बोटिक वैन ने नडाल को 6-4, 6-4 से हराया**

**डेविस कप क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से हार के साथ करियर समाप्त**

> मैच के बाद नडाल ने कहा, मैं वह व्यक्ति हूं जिसे इतने सारे लोगों का आभारी होना चाहिए. यह कहना मुश्किल है कि कहां से शुरू करें. उन्होंने प्रशंसकों को उनके असाधारण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि स्पेन और दुनियाभर से मुझे अपार स्नेह मिला यह मेरे लिये सौभाग्य की बात है. नडाल ने विरोधियों और अपने साथियों को बधाई देते हुए कहा, मैं यहां मौजूद स्पेन की टीम का धन्यवाद करना चाहता हूं. आप सभी ने मुझे इस डेविस कप में खेलने का मौका दिया. यह वैसा नहीं हुआ जैसा हम चाहते थे, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया. मेरे करियर के कई भावनात्मक पल यहां मौजूद कई लोगों के साथ रहे हैं यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है.



# हार्दिक टी20 अंतरराष्ट्रीय सूची में फिर शीर्ष पर

## तिलक वर्मा ने लगाई 69 स्थान की लंबी छलांग

**दुबई, 20 नवंबर.** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बुधवार को एक बार फिर आईसीसी की टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए जबकि उभरते हुए स्टार खिलाड़ी और टीम के उनके साथी तिलक वर्मा भी 69 स्थान की लंबी छलांग के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं.

हार्दिक दूसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक बने हैं. वह इस साल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे.

> पांड्या आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं. श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे वर्मा ने दो शतक की मदद से 280 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 स्थान की लंबी छलांग लगाई है. वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के बाद तीसरे स्थान पर हैं. वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं. भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर हैं.



## अमरदीप मलिक ने बढ़त हासिल की

**डिगबोई (असम), 20 नवंबर.** नोएडा के अमरदीप मलिक ने बुधवार को यहां इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर बढ़त हासिल की।दिल्ली के पूर्व चैम्पियन हनी बेसोया, पुणे के दिव्यांश दूबे, बांग्लादेश के गोल्फर जमाल हुसैन, बेंगलुरु के सैयद साकिब अहमद और पंचकुला के अभिषेक कुमार सभी चार अंडर 68 के कार्ड से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।स्थानीय पेशेवर गोल्फरों में देवेन भूमिज संयुक्त 50वें स्थान से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर काबिज हैं।

## एक नजर में

### तीन क्रिकेटरों पर आईसीसी का एक्शन

**दुबई.** नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, ओमान के गेंदबाज सुफियान महमूद और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को सप्ताहांत में अपने मैचों में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है.एडवर्ड्स को खिलाड़ियों और सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के दो अनुच्छेदों का उल्लंघन करते पाया गया. अनुच्छेद 2.8 जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है और अनुच्छेद 2.2 जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है. ओमान और नीदरलैंड के बीच तीसरे टी-20 के दौरान उनके आउट होने के बाद दोनों उल्लंघन हुए. पहली घटना उस समय हुई जब एडवर्ड्स ने पगबाधा आउट दिए जाने पर अंपायर को अपना बल्ला दिखाया. वहीं दूसरी घटना में उन्होंने अपनी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर लौटते समय अपना बल्ला और दस्ताने मैदान पर फेंक दिए. प्रतिबंधों के अनुसार उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और दो डिमेरिट अंक प्राप्त किए गए हैं.



### मेसी 2025 में इंडिया आकर मचाएंगे धमाल

**नई दिल्ली.** फुटबॉल के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी अगले साल भारत में फुटबॉल खलते हुए दिखेंगे. फुटबॉल का क्रेज पूरी दुनिया में है. वहीं भारत में भी इस खेल से काफी प्यार किया जाता है. जब कोई फुटबॉल का स्टार इंडिया आकर खेले तो उसमें और चार चांद लग जाते हैं. लियनोल मेसी एक बार फिर से भारत में आकर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं. केरल सरकार ने ऐलान किया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने कहा कि मैच राज्य सरकार की पूर्ण निगरानी में आयोजित किया जाएगा. इस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी वित्तीय सहायता राज्य के व्यापारियों द्वारा प्रदान की जाएगी. उन्होंने कहा, ''दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी. अर्जेंटीना टीम प्रबंधन इस संबंध में आधिकारिक घोषणा करेगा.

### राजस्थान टी-20 टीम की घोषणा

**जयपुर.** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने 23 नवम्बर से राजकोट में शुरु होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिये राजस्थान की टीम घोषित कर दी.आरसीए के मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि महिपाल लोमरोर कप्तान होंगे जबकि मानव सुथार को उपकप्तान बनाया गया है. उन्होंने बताया कि टीम का चयन राजस्थान क्रिकेट संघ की सीनियर चयन कमेटी द्वारा किया गया. राजस्थान टीम 21 नवम्बर को राजकोट रवाना होगी. **टीम इस प्रकार है-** महिपाल लोमरोर (कप्तान), मानव सुथार (उप कप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, दीपक चाहर, अनिकेत चौधरी, राम मोहन चौहान, अभिजीत तोमर, भारत शर्मा (विकेट कीपर), जुबेर अली, कमलेश नागरकोटी, आदित्य सिंह राठौर, राजेश बिश्नोई (जूनियर) और सुमित गोदारा. **स्टैंड बाई खिलाड़ी-** अमन सिंह राजावत, अराफात खान, रजत चौधरी, शुभम गढ़वाल और मोहित जैन.



# सिंधू, सेन, मालविका दूसरे दौर में

## चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली,20 नवंबर.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सहित लक्ष्य सेन और फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ ने बुधवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया. महिलाओं के वर्ग में सिंधू ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान को 50 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 21-17, 21-19 से मात दी.

**सिंधू ने थाईलैंड की बुसानन को 21-17, 21-19 से हराया**

**मालविका ने लिने होजमार्क पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की**

**लक्ष्य ने मलेशिया के ली जि जिया पर जीत दर्ज की**

> दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू की विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बुसानन के खिलाफ 21 मुकाबलों में सिंधू की 20वीं जीत थी. दोनों ने बराबरी से शुरूआत की और सिंधू की दो सहज गलतियों का फायदा उठाकर बुसानन ने 14-10 की बढ़त बना ली . सिंधू ने अगले नौ अंक बनाकर 19-14 की बढत हासिल की और पहला गेम जीत लिया . दूसरे गेम में बुसानन ने मजबूती से शुरूआत की और बढत भी बनाई लेकिन सिंधू ने वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया.

वहीं मालविका (36वीं रैंकिंग) ने डेनमार्क की लिने होजमार्क जाएर्सफेल्ट (21वीं रैंकिंग) पर 20-22, 23-21, 21-16 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की. पुरुष वर्ग में लक्ष्य ने मलेशिया के सातवे वरीय ली जि जिया पर 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 की जीत से ओलंपिक कांस्य पदक मुकाबले में मिली हार का बदला चुकता किया. लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके और जापान के केंटा निशिमोटो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा.लक्ष्य पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक मैच में बढ़त बनाने के बावजूद ली से हार गये थे.

## करण सिंह आईटीएफ कलबुर्गी ओपन के दूसरे दौर में

**कलबुर्गी (कर्नाटक), 20 नवंबर.**चौथे वरीय भारत के करण सिंह ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए बुधवार को यहां हमवतन आदित्य बालसेकर को हराकर आईटीएफ कलबुर्गी टेनिस ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई।करण को पहले सेट में आदित्य से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह टाईब्रेकर में 7-6 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने हालांकि दूसरे सेट में तीन बार आदित्य की सर्विस तोड़ी और इसे 6-0 से जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# संजू बने केरल के कप्तान

**नई दिल्ली 20 नवम्बर. साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में बल्ले से जमकर धमाल मचाने वाले संजू सैमसन अब घरेलू टूर्नामेंट में रंग जमाते हुए नजर आएंगे। संजू को सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के लिए केरल ने अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है।**

टूर्नामेंट की शुरुआत 23 नवंबर से होने जा रही है और फाइनल मुकाबला 15 दिसंबर को बेंगलुरु में खेला जाना है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों में से दो में सेंचुरी ठोकी थी। सीरीज के पहले ही मैच में संजू का बल्ला जमकर बोला था और उन्होंने 50 गेंदों पर 107 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। अपनी इस इनिंग के दौरान संजू ने 7 चौके और 10 छक्के जमाए थे।

**सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में करेंगे कप्तानी**

**टूर्नामेंट की शुरुआत 23 नवम्बर से**

इसके बाद सीरीज के लास्ट गेम में भी विकेटकीपर बल्लेबाज ने तहलका मचाया था और 56 गेंदों पर 109 रन की नाबाद पारी खेली थी।

# अर्जेंटीना ने क्वालीफायर में पेरू को हराया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना), 20 नवंबर (वार्ता)** लॉटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने विश्वकप क्वालीफायर में पेरू 1-0 से हराया.

**लाउटारो मार्टिनेज ने किया एकमात्र गोल**

**अर्जेंटीना की क्वालीफाइंग मुकाबले में आठवीं जीत**

मंगलवार को खेले गये मुकाबले में इंटर मिलान के इस फॉरवर्ड ने 55वें मिनट में लियोनेल मेस्सी के क्रॉस पर बाइसिकल किक लगाकर गोल किया. इसी के साथ क्वालीफाइंग मुकाबले में अर्जेंटीना की अपनी आठवीं जीत दर्ज की.अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है.



**खलबली** — **विराट कोहली की पोस्ट से मची सनसनी**

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले रिटायरमेंट


**नई दिल्ली,20 नवंबर.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने जा रही है. सीरीज का पहला मैच पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले के लिए भारतीय खिलाड़ी जमकर तैयारी कर रहे हैं. इन सब के बीच विराट कोहली का एक सोशल मीडिया पोस्ट फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है.

दरअसल, विराट ने 20 नवंबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसा पोस्ट शेयर किया, जिसने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दीं. उनके इस पोस्ट में फैंस ने अलग-अलग तरह के कमेंट भी किए.बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट कोहली ने अपने ब्रांड के प्रमोशन के लिए एक पोस्ट किया, लेकिन फैंस इसे टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान समझ बैठे. वहीं, कुछ फैंस को लगा कि विराट ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा से तलाक ले लिया है.



> विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, 'जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो नजर आता है कि हम हमेशा औरों से थोड़े अलग रहे हैं. हम ऐसे बॉक्स में कभी फिट नहीं हुए, जिसमें हमें फिट करने की कोशिश की गई. दस साल का उतार-चढ़ाव और यहां तक कि कोरोना महामारी भी हमें हिला नहीं पाई. अगर किसी ने हमें अलग होने का एहसास करवाया, तो वह थी हमारी ताकत. यहां दस साल अपने तरीके से काम करने के लिए गलत तरीका. अगले दस साल तक सही पुरुषों के लिए गलत.'

### क्या पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में खेलेंगे शुभमन गिल



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर से होने वाली है. इस मैच से पहले भारतीय क्रिकेट गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल प्रेस से बात करते हुए एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के पहले टेस्ट में खेलने पर बड़ी बात बोली है.दरअसल शुभमन गिल चोट की समस्या से जूझ रहे है. गिल को उंगली में फ्रैक्चर है. 16 नवंबर को पर्थ के वाका में स्लिप कॉर्डन में कैच लेते समय गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके चलते उनके पहले मैच में खेलने को लेकर सस्पेंस बना हुआ है. गिल को अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में भी ज्यादा बल्लेबाजी करते हुए नहीं देखा गया है. अब मोर्कल ने उनके पहले टेस्ट मैच से पहले खुश होने की एक वजह दे दी है. मोर्कल ने कहा, शुभमन गिल दिन-प्रतिदिन बेहतर होते जा रहे हैं. हम उन पर पूरी नजर बनाए हुए हैं. हम उनके खेलने पर टेस्ट मैच की सुबह फैसला लेंगे.